श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
20.08.2026
श्रावण शुक्लपक्ष अष्ठमी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 01

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:23 बजे
अस्त - 06:41 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

क्रॉप लोन में गढ़वा पूरे राज्य में पहले स्थान पर >> पेज 03
अंधभक्त पर ईशा कोप्पिकर ने रखी राय >> पेज 05

**सुविचार**

धर्मरहित विज्ञान लंगड़ा है और विज्ञान रहित धर्म अंधा -अल्बर्ट आइंस्टीन

**न्यूज अपडेट्स**


### अब तक सामान्य से 10 प्रतिशत कम बारिश

**रांची।** झारखंड में एक जून से 19 अगस्त के बीच 700.5 मिलीमीटर के मुकाबले 633.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। यह सामान्य से 10 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में 23 अगस्त तक गरज के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र अब कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग के अनुसा, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 190 मिलीमीटर बारिश रामगढ़ जिले के पतरातू में रिकॉर्ड की गई। इस दौरान चाईबासा में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और लातेहार में न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से हल्की बारिश होती रही। दिनभर बादल छाए रहने और बारिश के कारण वातावरण में ठंडक महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री और न्यूनतम 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 26.8 और न्यूनतम 25 डिग्री, डालटनगंज में अधिकतम 27.3 और न्यूनतम 25.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 29.2 और न्यूनतम 23.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 32 और न्यूनतम 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**बड़ा निर्णय** ➤ **23 परीक्षाओं की होगी सीआईडी जांच, आधी रात को जारी हुई अधिसूचना**

# 22 भर्ती परीक्षाएं रद्द, 6 स्थगित

**रांची।** झारखंड में छात्रों के आंदोलन के मद्देनजर 17 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की विशेष बैठक में लिए गए फैसलों से संबंधित अधिसूचनाएं मंगलवार देर रात जारी कर दी गईं। सरकार के फैसले का कुल 45 प्रतियोगी परीक्षाओं और उनके परिणामों पर सीधा असर पड़ेगा। कैबिनेट ने 22 प्रतियोगी परीक्षाओं को रद्द करने का फैसला लिया है। इनमें 11वीं से 13वीं जेपीएससी परीक्षा के अलावा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा शामिल है। वहीं, छह परीक्षाओं को स्थगित किया गया है। इन परीक्षाओं की जांच सीआईडी को सौंपी गई है। इसके अलावा 17 अन्य परीक्षाओं की भी सीआईडी जांच कराने का निर्णय लिया गया है। इस तरह कुल 23 परीक्षाएं सीआईडी जांच के दायरे में होंगी। सरकार ने इस संबंध में कुल आठ अधिसूचनाएं जारी की हैं। इनमें टीडीपीएल एजेंसी द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं को रद्द करने का उल्लेख है। सरकार ने उन परीक्षाओं के परिणाम भी रद्द करने का निर्णय लिया है, जिनकी प्रारंभिक प्रक्रिया टीडीपीएल से अलग किसी एजेंसी के माध्यम से कराई गई थी।



झारखण्ड सरकार, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग। अधिसूचना रांची, दिनांक- 18 अगस्त, 2026

### अधिसूचना संख्या 5402 के तहत रद्द परीक्षाएं

झारखंड के विश्वविद्यालयों में गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती (09/2025), सहायक निदेशक/वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (बैकलॉग) भर्ती (10/2025), सहायक निदेशक/वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (नियमित) भर्ती (11/2025), औषधि निरीक्षक भर्ती (12/2025), राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक (बैकलॉग) भर्ती (02/2026), राजकीय पॉलीटेक्निक एवं महिला पॉलीटेक्निक में व्याख्याता (बैकलॉग) भर्ती (03/2026), राजकीय पॉलीटेक्निक एवं महिला पॉलीटेक्निक में व्याख्याता (नियमित) भर्ती (04/2026), चिकित्सा महाविद्यालयों के सुपर स्पेशलिस्ट विभागों में सहायक प्राध्यापक भर्ती (07/2026)

### अधिसूचना संख्या 5403 के तहत रद्द परीक्षाएं

सिविल जज (जूनियर डिवीजन) भर्ती (22/2023), सहायक वन संरक्षक भर्ती (03/2024), वन क्षेत्र पदाधिकारी भर्ती (04/2024), सहायक सरकारी अभियोजक (एपीपी) बैकलॉग भर्ती (05/2025)* सहायक सरकारी अभियोजक (एपीपी) नियमित भर्ती (06/2025), झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा परीक्षा-2025 (01/2026), झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा परीक्षा (बैकलॉग)-2025 (05/2026), झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा परीक्षा (बैकलॉग)-2023 (06/2026)

### अधिसूचना संख्या 5404 के तहत रद्द परीक्षाएं :

खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती (18/2023), बाल विकास परियोजना पदाधिकारी भर्ती (21/2023), संयुक्त असैनिक सेवा परीक्षा-2023 (01/2024)

इसके अलावा जेएसएससी की ओर से आयोजित सीजीएल परीक्षा भी रद्द कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि सीजीएल परीक्षा में अनियमितता की शिकायत पर गठित एसआईटी की जांच तथा जेपीएससी में कथित अनियमितताओं की सीआईडी जांच के दौरान सरकार के समक्ष आए तथ्यों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। सरकार ने जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में अनियमितता से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का भी निर्णय लिया है। इसके लिए झारखंड उच्च न्यायालय से आग्रह किया जाएगा। दोनों आयोगों में आंतरिक निगरानी प्रकोष्ठ गठित किए जाएंगे। साथ ही आयोगों में सुधार के लिए भारतीय प्रशासनिक सेना (आईएएस) के अधिकारी अमिताभ कौशल की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है।

## जेपीएससी मुद्दे पर अनशनकारी छात्रों ने सरकार को दो माह में बेहतर तरीके से जांच करने की शर्त पर तोड़ा अनशन



**रांची।** जेपीएससी-जेएसएससी प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितता और भ्रष्टाचार के खिलाफ जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच की ओर से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 25 जुलाई 2026 से चल रहे छात्र आंदोलन बुधवार को 26 वें दिन फिलहाल 60 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया। आंदोलन के तहत 16 दिनों से जारी आमरण अनशन भी समाप्त कराया गया। कोतवाली थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने स्टेडियम में मौजूद अनशनकारी छात्रा सबिता कुमारी, रूपेश कुमार, राहुल क्रांति को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। हालांकि, सबिता कुमारी सहित अन्य अनशनकारियों ने दो टूक कहा कि आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है। लेकिन सरकार ने जेपीएससी-जेएसएससी सीजीएल सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की बेहतर जांच का आश्वासन दिया है। सरकार के इस आश्वासन और आगे की कार्रवाई को दो माह तक देखा जाएगा। छात्रों ने कहा कि इस अवधि में सरकार की ओर से उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने पर वे दोबारा आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। इसके लिए सरकार को 60 दिनों का समय दिया गया है। इस अवसर पर पीयूष सिंह ने आंदोलन में शामिल होनेवाले मीडिया, सामाजिक संगठन सहित अन्य लोगो के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मांगों छात्रों की हर समस्या पर रिफॉर्म मंच आगे भी बढ-चढकर कार्य करता रहेगा। मौके पर कुणाल प्रताप सिंह ने कहा कि आंदोलनकारियों की प्रमुख मांग कथित परीक्षा धांधली की सीबीआई जांच है। लेकिन सरकार जो कर रही है। उसे दो माह देखना होगा। सबकुछ छात्रहित और भ्रष्टाचार के खिलाफ होना चाहिए नहीं तो छात्रों को एकजुटता दिखाने में देर नहीं लगेगी। छात्रों का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच जरूरी है। उनका कहना है कि सिर्फ विभागीय या सीमित जांच से अभ्यर्थियों के मन में उठ रहे सवालों का समाधान नहीं होगा। छात्र प्रतिनिधियों ने कहा कि दो माह की मोहलत संघर्ष से पीछे हटना नहीं, बल्कि सरकार को अपनी मांगों पर कार्रवाई का अवसर देना है। निर्धारित अवधि में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन फिर शुरू किया जाएगा। मौके पर पीयूष कुमार, कुणाल प्रताप सिंह, उमेश प्रसाद, देवाशीष सहित बड़ी संख्या में छात्र और अभ्यर्थी सहित मौजूद थे।

## जेपीएससी परीक्षा रद्द होने के बाद नियुक्त कर्मियों को हटाने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती




**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से 11वीं से 13वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के आधार पर नियुक्त कर्मियों को हटाने के आदेश को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता सोनम कुमारी ने सरकार की उस अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसमें विज्ञापन संख्या 1/2024 के तहत आयोजित 11वीं से 13वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। याचिका में सोनम कुमारी ने कहा है कि उन्होंने दूसरी जगह की नौकरी छोड़कर झारखंड में नियुक्ति के बाद योगदान दिया था। उन्हें 24 नवंबर 2025 को नियुक्ति पत्र मिला था और उन्होंने प्रशिक्षण भी पूरा किया। इसी बीच राज्य सरकार ने 18 अगस्त 2026 को अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी। याचिकाकर्ता ने नियुक्ति रद्द करने संबंधी सरकार के आदेश को निरस्त करने का आग्रह उच्च न्यायालय से किया है। बताया गया है कि इस परीक्षा में सफल 342 अभ्यर्थी वर्तमान में नौकरी कर रहे थे।

**जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करने के खिलाफ झारखंड मंत्रालय के बाहर धरना**

# बैरिकेडिंग तोड़कर रांची सचिवालय में घुसे प्रदर्शनकारी

**रांचीः** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग-संयुक्त स्नातक स्तर (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवार राज्य सरकार के परीक्षा रद्द करने के फैसले के खिलाफ प्रोजेक्ट भवन स्थित झारखंड मंत्रालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रोजेक्ट भवन के बाहर सफल हुए अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया है। सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थियों ने प्रोजेक्ट भवन के मुख्य द्वार पर लगे बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और सुरक्षा घेरा लांघकर सचिवालय परिसर के भीतर प्रवेश कर गए हैं।

### दिन में ऑफिस में काम, शाम में नौकरी खत्म

झारखंड मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे जेएसएससी-सीजीएल पास अभ्यर्थियों ने बताया कि वो सभी मंगलवार की शाम तक ऑफिस में काम कर रहे थे, अचानत शाम में बोला जाता है कि परीक्षा रद्द कर दी गई है, आपकी नौकरी खत्म हो गई है। अचानक नौकरी खत्म होने के बाद वो क्या कर सकते हैं। घर वाले परेशान है, उन्हें क्या जबाव



दिया जाए, समझ में नहीं आ रहा है। अचानक सबकुछ खत्म हो गया। आखिर परीक्षा रद्द करने का आधार क्या है? किन लोगों ने गड़बड़ी की, इसका खुलासा होना चाहिए।

### एक दिन पहले तक सरकार के अंग, दूसरे दिन बेघर

प्रदर्शन कर रहे एक अभ्यर्थी ने बताया कि वो सभी कल तक राज्य सरकार के ही अंग थे। देर शाम तक वो सरकार में ही काम कर रहे थे और आज उनको उस घर से बेघर कर दिया गया। मंत्रालय के बाहर प्रदर्शनकारी 'न्याय दो या फांसी दो' के नारे लगा रहे थे।

### 2000 परिवारों को सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया

जेएसएससी-सीजीएल में सफल अभ्यर्थियों ने बताया कि वो सभी अपनी मेहनत और संघर्ष के बाद कानून का पालन करते हुए सरकारी नियुक्ति की प्रक्रियाओं का पालन करते हुए यहां तक पहुंचे हैं। लेकिन 10 मिनट में कोई भी भीड़ के दबाव में फैसला लेकर सबको सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है। भीड़ के दबाव में करीब 2000 परिवारों को सड़क पर लाकर खड़ा कर देना अन्याय नहीं है तो क्या है?

### सरकार अभ्यर्थियों का पक्ष भी जानें

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर कुछ लोग गलत तरीके से चुनकर आए भी हैं, तो उसकी सजा ईमानदार, मेहनत और संघर्ष करने वाले छात्रों को नहीं मिलनी चाहिए। सरकार को उनकी बातें भी सुननी चाहिए। उनका पक्ष भी जानना चाहिए, क्योंकि कुछ घंटे पहले तक वो भी सरकार के अंग थे। आज उनसभी को घर से बेघर कर दिया गया। ये अन्याय नहीं है तो क्या है? ये अन्याय हो रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। ये गलत हो रहा है। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि कल तक वो सभी ऑफिस में काम कर रहे थे, शाम 6:00 बजे तक उनसभी ने अपनी ड्यूटी की। रात 12 बजे अचानक खबर मिलती है कि उनकी परीक्षा रद्द कर दी गई है। सरकार आखिर किसे संतुष्ट करने जा रही है। फिर से वैकेंसी निकलेगी, 2000 लोगों की नियुक्ति के लिए 6 लाख लोग परीक्षा देंगे। इनमें से पांच लाख असफल होने वाले लोग परीक्षा रद्द कराना चाहेंगे।

# एमआरएचआरयू का शिलान्यास, गंभीर बीमारियों के कारणों की खोज में मिलेगी मदद



**रांची।** राज्य में गंभीर और जटिल बीमारियों के कारणों की पहचान, अनुसंधान एवं बेहतर निदान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में डीपार्टमेंट ऑफ हेल्थ रिसर्च (डीएचआर) की ओर से मॉडल रूरल हेल्थ रिसर्च यूनिट (एमआरएचआरयू) का शिलान्यास अनगड़ा, रांची में बुधवार को किया गया।
इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप और केंद्रीय स्वास्थ्य उप सचिव धरकत आर लुईकांग ने यूनिट का शिलान्यास किया।
यह मॉडल रूरल हेल्थ रिसर्च यूनिट झारखंड के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में पाई जाने वाली गंभीर एवं जटिल बीमारियों के कारणों की वैज्ञानिक खोज, रोगों की पहचान तथा निदान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
यह यूनिट मल्टीगडिसिप्लीननरी रिसर्च यूनिट, रिम्सी, रांची के साथ मिलकर विभिन्न रोगों से संबंधित अनुसंधान एवं वैज्ञानिक अध्ययन को आगे बढ़ाएगा। इस सहयोग के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर उनके कारणों और संभावित जोखिम कारकों का वैज्ञानिक अध्ययन किया जा सकेगा। इससे रोगों के समय पर निदान, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और भविष्य में प्रभावी रोकथाम एवं उपचार की रणनीति विकसित करने में सहायता मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से झारखंड की ग्रामीण एवं जनजातीय आबादी को इस पहल का प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। कार्यक्रम में डॉ अनुप अन्विकर, निदेशक, एनआईएमआर, नई दिल्ली, डॉ प्रवीण कुमार भारती, निदेशक, ट्राइबल रिसर्च इंस्टीदच्यूहट, जबलपुर, डॉ प्रवीण कुमार त्रिपाठी, नोडल ऑफिसर, एमआरएचआरयू, नामकुम, डॉ लखन माझी, डॉ शिशिर कुमार महतो तथा डॉ अंजनी कुमार, रिम्सं, डॉ दिनेश सहित अन्य गणमान्य एवं स्वास्थ्य तथा अनुसंधान क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## न्यूज अडेट्स

### झारखंड लॉ ऑफिसर नियुक्ति नियमावली-2026 पर हाइकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से लागू झारखंड लॉ ऑफिसर नियुक्ति नियमावली-2026 को चुनौती देने वाली लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव की याचिका पर बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने महाधिवक्ता रोहित राय से कहा कि मामले की सुनवाई पूरी होने तक झारखंड लॉ ऑफिसरों की नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जाए। महाधिवक्ता ने अदालत के समक्ष इस पर सहमति जताई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रितु कुमार ने पक्ष रखा। दरअसल, अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव ने याचिका दायर कर झारखंड लॉ ऑफिसर नियुक्ति नियमावली-2026 के तहत आवेदन आमंत्रित किए जाने की प्रक्रिया को चुनौती दी है। याचिका में नई नियमावली के साथ ही इसके तहत लॉ ऑफिसरों के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए हैं। प्रार्थी का कहना है कि नियमावली के कुछ प्रावधान विधिसम्मत नहीं हैं।

**राजधानी** ▶ अभ्यर्थियों ने निकाली आभार यात्रा, मनाई खुशी

# स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक आभार यात्रा निकाली



**रांची।** जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थी न्याय मंच की ओर से छात्रों ने जेपीएससी-जेएसएससी सीजीएल सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ चलाए गए आंदोलन के बाद बुधवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक आभार यात्रा निकाली गई।
इस यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सबों ने एक दूसरे पर अबीर-गुलाल लगाकर और आतिशबाजी कर खुशी मनाई। आभार यात्रा के दौरान देवेंद्रनाथ महतो सहित अन्य छात्रों ने जयपाल सिंह मुंडा और शहीद अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
इसके बाद झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया।
अभियान के दौरान छात्रों ने एक पोस्टर निकाली जिसमें 45 आयोजित परीक्षाओं में 22 परीक्षाएं रद्द, 17 परीक्षाओं की जांच और छह परीक्षाओं को स्थगित करने से संबंधित बातें लिखी हुई थी। इस पोस्टर को लहराते हुए मंच ने इसे झारखंड के छात्र आंदोलन की महत्वपूर्ण सफलता बताते हुए कहा कि भविष्य में पेपर लीक और नौकरियों की खरीद-फरोख्त जैसी घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए। छात्रों ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की मांग की। मंच ने कहा कि इस सफलता के पीछे दो जुलाई 2026 से 47 दिनों का संघर्ष, पांच जुलाई से 44 दिनों का आंदोलन, 25 जुलाई 2026 से 24 दिनों का सत्याग्रह और दो अगस्त 2026 से 16 दिनों की भूख हड़ताल शामिल रही। जेपीएससी जेएसएससी रिफॉर्म मंच की ओर से उम्मे हबीबा, रूपेश कुमार, राहुल कुमार क्रांति, सबिता कुमारी, छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, महेन्द्र मंडल प्रसाद सहित अन्य छात्र भूख हड़ताल में शामिल हुए थे। मंच ने कहा कि छात्रों की एकजुटता और लोकतांत्रिक तरीके से किए गए लंबे संघर्ष से यह सफलता मिली है। छात्रों ने भविष्य में भी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग दोहराई।

## वकीलों पर टिप्पणी मामला: मुनि सुधा सागर जी को रांची सिविल कोर्ट से समन

**रांची।** रांची धार्मिक मंच से अधिवक्ता समुदाय को लेकर की गई कथित टिप्पणियां अब अदालत के समक्ष आ गई हैं। रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने मानहानि के मामले में जैन मुनि सुधा सागर जी महाराज के विरुद्ध प्रथम दृष्टया पर्याप्त आधार पाते हुए समन जारी करने का आदेश दिया है। अदालत ने आरोपित की उपस्थिति के लिए मामला 09 सितंबर 2026 को सूचीबद्ध किया है।
मामले में अधिवक्ता प्रखर हरित ने शिकायतवाद दायर की है। आरोप है कि 31 अक्टूबर 2024 को मध्य प्रदेश में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मुनि सुधा सागर महाराज ने अधिवक्ताओं को जैन समितियों में शामिल करने से जुड़े सवाल के जवाब में पूरे अधिवक्ता वर्ग को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। कार्यक्रम के टेलीविजन और इंटरनेट-सोशल मीडिया पर प्रसारित होने की बात भी शिकायत में दर्ज है।
शिकायतवाद के मुताबिक मुनि पर अधिवक्ताओं को समितियों में शामिल नहीं करने की बात कहने और उनके कारण विवाद और विभाजन पैदा होने जैसी टिप्पणियां की है। अधिवक्ताओं की मानसिकता को कथित रूप से डिस्ट्रक्टिव बताने एवं वकील की ओर से सत्य-असत्य से इतर




अपने मुवक्किल को जिताने का प्रयास करने जैसी बातें कहने का भी आरोप लगाया गया है।
शिकायतकर्ता का आरोप है कि यह किसी एक वकील पर की गई टिप्पणी नहीं थी, बल्कि पूरे अधिवक्ता समुदाय की पेशेवर प्रतिष्ठा पर असर डालने वाली टिप्पणी थी।
शिकायत में दावा किया गया कि सार्वजनिक प्रसारण के कारण कथित बयान बड़े स्तर पर लोगों तक पहुंचा और इससे वकीलों के प्रति नकारात्मक धारणा पैदा हुई। शिकायतकर्ता ने कथित भाषण की ऑडियो-वीडियो सामग्री वाली पेन ड्राइव भी न्यायालय में पेश की। हालांकि कोर्ट ने साफ किया कि अभी इसकी प्रामाणिकता या अंतिम साक्ष्य मूल्य तय नहीं किया गया है और इस स्तर पर सामग्री को केवल यह देखने के लिए माना जा रहा है कि कार्यवाही आगे बढ़ाने का पर्याप्त आधार है या नहीं। दरअसल, मामले में मुनि सुधा सागर महाराज को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया था। इसके बावजूद प्रस्तावित आरोपित न तो उपस्थित हुए और न उनकी ओर से कोई जवाब दाखिल किया गया। इसके बाद अदालत ने शिकायतकर्ता, गवाह और रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर मामले पर विचार किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोप किसी एक अधिवक्ता की व्यक्तिगत आलोचना तक सीमित नहीं दिखाई देते, बल्कि अधिवक्ताओं को एक पेशेवर वर्ग के रूप में लेकर सामान्यीकृत आरोप लगाने की बात सामने आती है। अदालत के अनुसार, यदि ये आरोप आगे साक्ष्य से स्थापित होते हैं तो उनमें अधिवक्ताओं की पेशेवर एवं बौद्धिक छवि को दूसरों की नजर में कम करने की क्षमता है।

### वामदल राज्य भर में एमएमडीआर विधेयक की 25 से जलाएंगे प्रतियां




रांची। राज्य के सभी छह वामदलों भाकपा, माकपा, भाकपा (माले), एसयूसीआई (सी), फारवर्ड ब्लाक और आरएसपी खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक (एमएमडीआर)-2026 के खिलाफ पूरे राज्य में संडकों पर उतरेंगे। यह निर्णय बुधवार को माकपा राज्य कार्यालय में आयोजित वामदलों की संयुक्त बैठक में लिया गया। बैठक में तय किया है कि 25 से 31 अगस्त के बीच राज्य के सभी जिलों के प्रखंडों, पंचायतों और नगर निकायों में संयुक्त रूप से इस विधेयक की प्रतियां जलायी जायेंगी। सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ सभा होगी और राजधानी रांची के लोकभवन पर प्रदर्शन आयोजित कर राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। आंदोलन के अगले चरण में केंद्र सरकार के प्रतिष्ठानों का घेराव और झारखंड बंद की घोषणा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता भाकपा (माले) के राज्य सचिव मनोज भक्त ने की। बैठक में भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, अशोक यादव, माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, प्रफुल्ल लिंडा, समीर दास, सुखनाथ लोहरा, अमल आजाद बीना, भाकपा (माले) के शुभेंदु सेन, सुदामा खलको, एसयूसीआई (सी) के मिंटू पासवान और दिलीप कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### भाजपा के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अमित शाह से की मुलाकात



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड भाजपा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से बुधवार को मुलाकात की। इस दौरान झारखंड के कई सम-सामयिक विषयों पर गृह मंत्री से सार्थक चर्चा हुई। गृह मंत्री की ओर से भाजपा नेताओं को कई आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, चंपाई सोरेन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, दीपक प्रकाश और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल थे।

### राष्ट्रीय मंत्री बनने पर डॉ. प्रदीप वर्मा का रांची में जोरदार अभिनंदन, कार्यकर्ताओं में उत्साह


# पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ढोल-नगाड़ों एवं पुष्पमालाओं के साथ स्वागत

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा को भाजपा की राष्ट्रीय टीम में राष्ट्रीय मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने के बाद बुधवार को रांची आगमन पर भाजपा के कार्यकताओं ने उनका भव्य एवं जोरदार स्वागत किया।
भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ढोल-नगाड़ों एवं पुष्पमालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यकताओं ने भारत माता की जय और भारतीय जनता पार्टी



जिंदाबाद के नारों के साथ अपने नेता का स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत नवनियुक्त राष्ट्रीय मंत्री डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने सभी कार्यकताओं एवं भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना भारतीय जनता पार्टी की उस कार्यसंस्कृति का प्रमाण है, जहां कार्यकर्ता की निष्ठा, परिश्रम और समर्पण का सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। डॉ. वर्मा ने कहा कि ह्लभाजपा मेरे लिए केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार और परिवार है। संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसमें अपना हर पल पार्टी और संगठन को मजबूत करने में लगाऊंगा। झारखंड के कार्यकताओं की आवाज और आकांक्षाओं को राष्ट्रीय स्तर तक मजबूती से पहुंचाना भी मेरी प्राथमिकता होगी। राष्ट्रीय मंत्री ने झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार और घोटालों का बोलबाला है। राज्य की जनता बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है और युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में नौकरी और प्रतियोगी परीक्षाएं युवाओं के भविष्य का आधार होती हैं। जेपीएससी , जेएसएससी-सीजीएल सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली और अनियमितता सामने आना बेहद गंभीर विषय है। डॉ. वर्मा ने कहा कि ह्लझारखंड के नौजवान वर्षों तक मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। उनके माता-पिता अपनी जमा-पूंजी लगाकर बच्चों को पढ़ाते हैं। लेकिन जब परीक्षा में गड़बड़ी होती है, परीक्षा रद्द होती है या पूरी प्रक्रिया सवालों के घेरे में आती है, तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती, बल्कि हजारों युवाओं के वर्षों की मेहनत, समय और सपने बर्बाद होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार की कार्यप्रणाली से राज्य के युवाओं में लगातार निराशा बढ़ रही है। छात्र और युवा अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर हैं। सरकार को युवाओं की आवाज दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार यदि अपनी नीयत और व्यवस्था को लेकर पूरी तरह साफ है तो जांच से डर कैसा? रद्द की गई सभी विवादित प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए और निर्दोष अभ्यर्थियों के साथ न्याय होना चाहिए।

# सविमं में तुलसीदास जयंती पर सुलेख, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



## तुलसीदास जन-जन के हृदय के सम्राट हैं : प्रधानाचार्य

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भारत माता, ओम, मां शारदे एवं गोस्वामी तुलसीदास जी चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। उस मौके पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि तुलसीदास जन-जन के हृदय के सम्राट हैं। उनके द्वारा दिये गये अमूल्य धरोहर स्वरूप रामचरितमानस ग्रंथ आज हर घर में उपलब्ध है। श्री राम के अनन्य भक्त तुलसीदास को भगवान राम ने स्वयं दर्शन दिये। प्रसिद्ध ही है चित्रकूट के घाट पर, भई संतन की भीर। तुलसीदास चंदन घिसे, तिलक करे रघुबीर।। श्री पाठक ने कहा कि विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा प्रांतीय योजना के अनुसार आज सुलेख, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में किया जा रहा है। इससे भैया बहनों में सुंदर लेखन, दिव्य चित्रकारी और अभिव्यक्ति का हूनर बढ़ता है। कक्षा षष्ठ से दशम तक निबंध का विषय क्रमशः गुरु तेग बहादुर, अयोध्या जी का पौराणिक महत्व, पर्यावरण संरक्षण में हमारी भूमिका, सामाजिक समरसता एवं हमारा दायित्व और संयुक्त परिवार का महत्व रहा। मौके पर आचार्य नन्दलाल पाण्डेय, सत्येन्द्र प्रजापति, नीरज सिंह, सुजीत दुबे, प्रसून कुमार, रूपेश कुमार, हिमांशु झा, हृषिकेश तिवारी, बिक्रम प्रसाद, अमन केरकेट्टा, कृष्ण मुरारी, प्रीतम कुमार, प्रवीण कुमार, लालू कुमार यादव, विवेक सुमन सहित आचार्या नीति कुमारी, आरती कुमारी, सुप्रिया कुमारी, रेखा कुमारी, खुशबू सिंघल, पूर्णिमा कुमारी, अनामिका कुमारी, रेणु पाठक एवं सलोनी कुमारी आदि उपस्थित थी।

## न्यूज अपडेट्स

### आज छह घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना क्षेत्र के लहलहे स्थित पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के ग्रिड में गुरुवार को मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके कारण 132/33 केवीए सुदना ग्रिड डालटनगंज से जुड़े सभी 33/11 केवीए विद्युत शक्ति उपकेंद्रों की बिजली आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक बंद रहेगी।

इससे रेडमा, बैरिया, सुदना, पांकी, पाटन, गाहरपथरा, कचरवा, पदमा, लेस्लीगंज, सेमरा, नावाबाजार, तुकबेरा, पोखराहा, परसाई-तेतराई, रामगढ़ और गांधीपुर क्षेत्र प्रभावित होंगे।

विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, डालटनगंज के ईई संतोष कुमार ने बताया कि ग्रिड में मरम्मत कार्य के कारण डालटनगंज शहर समेत पाटन, मनातू, तरहसी, पांकी, लेस्लीगंज, चैनपुर, पोखराहा, रामगढ़, पड़वा, नावाबाजार और छतरपुर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

## गढ़वा

### डीसी की अध्यक्षता में बैठक, उपलब्धि पर चर्चा

# क्रॉप लोन में गढ़वा पूरे राज्य में पहले स्थान पर

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** समाहरणालय के सभागार में डीसी पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति की प्रथम त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के बैंकों के सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना 2026-27, केसीसी, पीएम किसान, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, मुद्रा लोन, एमएसएमई, स्वयं सहायता समूह, वित्तीय समावेशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में जिले का सीडी रेशियो 42.96 प्रतिशत था, जो जून 2026 तक बढ़कर 49.12 प्रतिशत हो गया है। सीडी रेशियो के मामले में गढ़वा पूरे झारखंड में चौथे स्थान पर है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, एसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक और एक्सिस बैंक की डीसी ने सराहना की। वहीं पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुये सुधार के निर्देश दिये। क्रॉप लोन में भी गढ़वा ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जून 2026 तक जिले की उपलब्धि 42.29 प्रतिशत रही, जो पूरे झारखंड में प्रथम है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में केसीसी के लिये 26491 का भौतिक लक्ष्य और 237 करोड़ रुपये का वित्तीय लक्ष्य निर्धारित है। डीसी ने पीएम किसान के लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने तथा किसानों के लिये केसीसी प्रक्रिया सरल बनाने का निर्देश दिया। पीएमएफएमई के तहत भेजे गये 66 आवेदनों में सात स्वीकृत और चार वितरित किये जा चुके हैं। बैठक में डीडीसी प्रेमलता मुर्मू, जिप अध्यक्ष शांति देवी, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, आरबीआई प्रतिनिधि, डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी प्रबंधक, आरसेटी प्रभारी, जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारी समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मंईयां योजना से अगस्त की राशि ट्रांसफर

### पर्व से पहले मिली सौगात

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** रक्षाबंधन के अवसर पर गढ़वा जिले की महिलाओं को जिला प्रशासन की ओर से बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जिले की 2,22,590 योग्य एवं स्वीकृत लाभुक महिलाओं के बैंक खातों में अगस्त माह की सम्मान राशि रक्षाबंधन से पहले हस्तांतरित कर दी गई। राशि खाते में पहुंचने से बड़ी संख्या में महिलाओं को पर्व के मौके पर आर्थिक राहत मिली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी पहल के तहत संचालित इस योजना का उद्देश्य पात्र महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। रक्षाबंधन से पहले राशि मिलने से महिलाओं को पर्व की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। साथ ही यह महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा के निर्देश में सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने सभी स्वीकृत लाभुकों के खातों में अगस्त माह की राशि भेजने की प्रक्रिया पूरी की। जिला प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया गया कि योग्य लाभुकों को पर्व से पहले योजना का लाभ मिल सके। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अनुसार लाभुक अपने बैंक खाते, बैंकिंग एप, एटीएम अथवा अन्य बैंकिंग माध्यम से राशि के अंतरण की जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। किसी प्रकार की तकनीकी या बैंकिंग समस्या होने पर संबंधित प्रखंड कार्यालय अथवा बैंक शाखा से संपर्क करने की अपील की गई है। योजना से जुड़ी जानकारी के लिये सामाजिक सुरक्षा कोषांग से भी सहायता ली जा सकती है। प्रशासन ने लाभुकों से अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से बचने तथा योजना से संबंधित जानकारी के लिये केवल आधिकारिक माध्यमों पर भरोसा करने की अपील की है।

### सड़क निर्माण की मांग पर ग्रामीणों का हंगामा, विधायक ने खुलवाया जाम



**मझिआंव :** थाना क्षेत्र के बोदरा पंचायत अंतर्गत गोपालपुर-गोड़घोई उर्फ धोबनी नाला में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सुबह करीब नौ बजे काफी संख्या में ग्रामीणों ने गोपालपुर मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया। करीब पांच घंटे तक चले जाम के बाद विधायक नरेश प्रसाद सिंह के हस्तक्षेप और डीसी से वार्ता के बाद दोपहर करीब एक बजे जाम समाप्त हुआ। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क निर्माण को लेकर अंचल अमीन द्वारा अब तक सात बार मापी की जा चुकी है। इसके बावजूद कुछ लोगों के विरोध के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। जाम की सूचना पर विधायक मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने मोबाईल को स्पीकर पर रखकर डीसी से बातचीत की। डीसी ने जमीन की प्रकृति की जानकारी मांगी। मौके पर मौजूद अंचल निरीक्षक शशि कुमार ने बताया कि जमीन गैर-मजरुआ आम रास्ते के रूप में दर्ज है। इस पर डीसी ने सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया। विधायक के भरोसे के बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया। बाद में विधायक नरेश प्रसाद सिंह, बीडीओ सह सीओ कनक, अंचल निरीक्षक शशि कुमार, अंचल अमीन उत्तम कुमार, संबंधित हल्का कर्मचारी समेत अन्य लोगों ने स्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों के अनुसार सड़क बनने से टरहे, बरछाबांध, आधारसेमरी, कुसुमिया, दामर, लावा चंपा, जतरो-बंजारी, भैंसाखाड़ और नावाडीह समेत दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि विभाग ने निर्माण नहीं कराया तो वे अपने जन कल्याण मिशन के तहत सड़क निर्माण का प्रयास करेंगे। विधायक ने मझिआंव थाना प्रभारी अमित कुमार को भी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि मापी के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दी थी। इस पर विधायक ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया। मौके पर जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, कृपाल सिंह, इंदल सिंह, जय कुमार सिंह, भानु प्रताप पासवान, प्रदीप कुमार सिंह उर्फ खीरू सिंह, अनिल राम, राजेश्वर सिंह, कमल सिंह, बसंत राम, शंकर रजवार, भोला रजवार, नारायण राम समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### आरके पब्लिक स्कूल में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



**श्री बंशीधर नगर :** आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में बुधवार को भक्ति काल के महान संत एवं कवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या पर्णा घोष ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्रों ने रामचरितमानस का सस्वर पाठ, हनुमान चालीसा, भजन एवं तुलसीदास जी के जीवन पर आधारित भाषण प्रस्तुत किये। शिक्षकों ने छात्रों को बताया कि तुलसीदास जी ने श्री रामचरितमानस को अवधी भाषा में लिखकर भगवान राम की कथा को जन-जन तक पहुंचाया। मौके पर प्रधानाचार्या पर्णा घोष ने कहा कि तुलसीदास जी ने हमें सत्य, धर्म, प्रेम और भक्ति का संदेश दिया है। आज के समय में विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाकर अपने जीवन को संस्कारवान बनाना चाहिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय आगे भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में नैतिक मूल्यों का विकास करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने सामूहिक रूप से रघुपति राघव राजा राम का गान किया। उस मौके पर सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## नई जिला कार्यकारिणी घोषित, संगठन विस्तार व सामाजिक एकजुटता पर जोर

# राजा पाठक बने ब्राह्मण महासभा के पलामू जिलाध्यक्ष

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की पलामू जिला इकाई का पुनर्गठन एवं सम्मेलन रविवार को हुआ। इसमें राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में राजा पाठक को सर्वसम्मति से पलामू जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय कमेटी द्वारा घोषणा किए जाने पर समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि विजयानंद पाठक शास्त्री, अध्यक्ष संत तिवारी, विशिष्ट अतिथि व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोज तिवारी तथा संगठन के संस्थापक-संरक्षक कमलेश पाठक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। वेद प्रकाश शर्मा, विनोद तिवारी, किशोर कुमार पांडेय, राजमोहन मिश्रा, विजयकांत चौबे, मिथिलेश मिश्रा, विकास दुबे, चंदन तिवारी, राघवेंद्र पाठक व अमरेश पांडेय ने भी भाग लिया।

नई जिला कार्यकारिणी में आशुतोष तिवारी को महासचिव, अजय दुबे को उपाध्यक्ष, अभिमन्यु ओझा को सचिव, सुशीला मिश्रा को महिला अध्यक्ष, शशिकांत तिवारी को मेदिनीनगर नगर अध्यक्ष और अजीत पाठक को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया।

जिलाध्यक्ष राजा पाठक ने संगठन के प्रति आभार जताते हुए प्रखंड व पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार, सामाजिक एकजुटता, कुरीतियों के उन्मूलन और जरूरतमंद विप्र बंधुओं की सहायता का संकल्प लिया। अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने किया।

# सीमा पार अपराध पर कसेगा शिकंजा, पलामू-बिहार पुलिस मिलकर चलाएगी अभियान



बंशीधर न्यूज

**छतरपुर :** उग्रवाद, अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पलामू पुलिस ने बिहार पुलिस के साथ मंगलवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक की। इसमें दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की रणनीति बनाई गई।
बैठक में अधिकारियों ने उग्रवादी गतिविधियों और अन्य अपराधों से जुड़ी सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान करने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान चलाने पर चर्चा की। सीमा पर स्थित चेकपोस्टों को और मजबूत करने, आपराधिक गिरोहों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने तथा वांछित अपराधियों और वारंटियों की सूची साझा कर उनकी गिरफ्तारी के लिए संयुक्त कार्रवाई करने पर सहमति बनी।
अवैध हथियार, मादक पदार्थ, अवैध शराब और पशु तस्करी के खिलाफ भी संयुक्त अभियान चलाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों के बीच नियमित संवाद और सूचना तंत्र को मजबूत करने का निर्णय लिया।
बैठक में स्पष्ट किया गया कि बेहतर अंतर्राज्यीय समन्वय से सीमा पार होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर समय रहते कार्रवाई की जा सकेगी। साथ ही सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा।
बैठक में पलामू से सटे बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों के एसडीपीओ, असिस्टेंट कमांडेंट और थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता हुसैनाबाद के एसडीपीओ सह आईपीएस दिव्यांश शुक्ला ने की। मेजबानी छतरपुर एसडीपीओ प्रशांत कुमार ने की।

## न्यूज अपडेट्स

### रामचरितमानस ने दिया नैतिक और सामाजिक मार्गदर्शनः उदय

**मेदिनीनगरः** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में महान कवि एवं रामचरितमानस के रचयिता संत तुलसीदास की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। कार्यक्रम की शुरूआत संत तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उदय राम ने कहा कि रामचरितमानस संत तुलसीदास की अमर कृति है, जो भारतीय समाज के लिए आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। इसमें माता-पिता, भाई, पुत्र सहित विभिन्न पारिवारिक एवं सामाजिक रिश्तों के आदर्शों को अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को नैतिकता, मयार्दा और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण संस्कृत भाषा में होने के कारण उस समय आम लोगों की पहुंच से काफी हद तक दूर थी। संत तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना सरल एवं लोकभाषा में कर भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। मोर्चा के संजय मिस्त्री ने कहा कि तुलसीदास की रचनाओं ने सदियों से समाज का मार्गदर्शन किया है। रामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों, सामाजिक समरसता और आदर्श जीवन का संदेश देने वाली कालजयी कृति है। कार्यक्रम में प्रद्युम्न तिवारी, श्याम पाठक, विवेक कुमार, विकास कुमार, कृष्णा राम, जयपाल मोची सहित मोर्चा के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## पलामू ▶ बाढ़ में बह गई कॉपी किताब

# जन समाधान में पहुंची कृतिका की फरियाद

### डीसी ने तत्काल डीएसई को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने का दिया निर्देश


बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** भारी बारिश और कोयल नदी का जलस्तर बढ़ने से घर में घुसे पानी में कक्षा पांच की छात्रा कृतिका कुमारी की किताब-कॉपियां और पढ़ाई की अन्य सामग्री बह गई। पढ़ाई प्रभावित होने पर कृतिका अपनी फरियाद लेकर जन समाधान कार्यक्रम में पहुंची। उसने डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से पढ़ाई जारी रखने के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने का आग्रह किया।
मेदिनीनगर के वार्ड नंबर-दो स्थित बैंक कॉलोनी के पास रहने वाली कृतिका ने बताया कि हाल में हुई भारी बारिश के दौरान कोयल नदी का जलस्तर बढ़ गया था। नदी का पानी घर में घुसने से उसकी कॉपियां, किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री पानी में बह गई। इससे उसके सामने पढ़ाई जारी रखने की समस्या खड़ी हो गई।
छात्रा की परेशानी सुनकर डीसी ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने डीएसई को कृतिका को कॉपी-किताब समेत पढ़ाई के लिए आवश्यक सभी सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।
डीसी के निर्देश के बाद छात्रा को जल्द शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध होने की उम्मीद है। जन समाधान कार्यक्रम में एक छात्रा की समस्या पर तत्काल कार्रवाई ने प्रशासन की संवेदनशीलता और आम लोगों की समस्याओं के प्रति तत्परता को भी सामने रखा।

# कीचड़मय सड़क और खराब जलमीनार देख भड़के बीडीओ

बंशीधर न्यूज



**बरडीहा :** बीडीओ सह सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने सुखनदी पंचायत के कोलहुवा गांव का पैदल निरीक्षण किया। करीब छह किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर गांव पहुंचे बीडीओ ने सड़क, नाली, पेयजल और विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित लोगों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र जाने वाले रास्ते की स्थिति देख बीडीओ नाराज हुहै। सड़क का कुछ हिस्सा पीसीसी होने के बावजूद किनारे मिट्टी भर दिये जाने से पूरा रास्ता कीचड़मय हो गया था। इससे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। बीडीओ ने संबंधित लोगों को सड़क से मिट्टी हटाने का सख्त निर्देश दिया। सड़क पर गंदा पानी बहाने वालों को भी चेतावनी दी गई। वहीं मार्ग में गाड़े गये अवैध खूंटे और नाद हटवाये गये। जर्जर गलियों में जल्द जीएसबी सड़क निर्माण कराने का निर्देश भी दिया। विद्यालय परिसर में करीब एक वर्ष से खराब जलमीनार देखकर बीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्थानीय मुखिया को जलमीनार अविलंब दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। बताया गया कि करीब 350 स्कूली एवं आंगनबाड़ी बच्चों के लिये फिलहाल एक ही चापानल पेयजल का सहारा है। वापसी के दौरान बीडीओ ने स्थानीय खाद-बीज भंडार का निरीक्षण किया। दुकानदार की अधिक कीमत पर खाद-बीज मिलने की शिकायत पर उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी गढ़वा से फोन पर बात कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

### एक दर्जन स्थानों पर पुलिस का वाहन जांच अभियान, 550 वाहनों की जांच

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस ने बुधवार को व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया। एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर जिले के कुल 12 स्थानों पर एक साथ सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य अवैध हथियार, मादक पदार्थ एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की तस्करी पर अंकुश लगाने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गतिविधियों पर निगरानी रखना तथा यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करना रहा। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने बिना नंबर प्लेट, फैंसी नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों के साथ-साथ वाहनों में किए गए अनधिकृत मोडिफिकेशन की भी जांच की। पुलिस के अनुसार जांच अभियान के दौरान कुल 550 वाहनों की जांच की गई। इनमें 324 दोपहिया और 226 चार पहिया वाहन शामिल हैं। अचानक और व्यापक स्तर पर चले इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। संदिग्ध गतिविधियों, अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि कानून तोड़ने वालों पर शिकंजा कसने के साथ सड़क सुरक्षा और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

### कस्तूरबा भंडरिया, आरके पब्लिक गढ़वा, कस्तूरबा गढ़वा एवं जेबीएभी बरडीहा सेमीफाईनल में



**गढ़वा :** प्रथम गढ़वा जिला अंतर स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप के अंडर 15 बालिका वर्ग के पहले क्वार्टर फाईनल मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा ने बीएसकेडी गढ़वा को 1-0 से, दूसरे क्वार्टर फाईनल मैच में कस्तूरबा गढ़वा ने कस्तूरबा भवनाथपुर को 1-0 से, तीसरे क्वार्टर फाईनल मैच में जेबीएभी बरडीहा ने आरके पब्लिक मझिआंव को 2-0 से एवं चौथा क्वार्टर फाईनल मैच में कस्तूरबा भंडारिया ने कस्तूरबा मझिआंव को 3-0 से हारा कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल के दीपिका पाल को, जेबीएभी के निशा कुमारी को, कस्तूरबा गढ़वा के सुचिता टोप्पो को एवं कस्तूरबा भंडरिया के सुमन कुमारी को दिया गया। प्रतियोगिता जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन के सहयोग से बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला कॉर्डिनेटर कमलेश कुमार दुबे, समिति के उपाध्यक्ष जिनाहुद्दीन खान, धर्मराज भारती, कार्यकारी सचिव आनंद सिन्हा, सहसचिव प्रिंस सोनी, आनंद यादव, रेफरी शशि रंजन, विजय सिंह, संजय प्रताप देव, सुशील कुमार, शशि कुमार, सोनू सिंह, उद्घोषक मनोज तिवारी, आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा के कोच इम्तियाज खान, बीएसकेडी के कोच राजकुमार, आरके पब्लिक मझिआंव के कोच जय गोविंद ठाकुर, ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के कोच मुकेश भारती उपस्थित थे।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**बरडीहा :** थाना क्षेत्र के बभनी गांव में बुधवार की सुबह 21 वर्षीय युवक टपू कुमार रजवार का शव गांव के बाहर महुआ के पेड़ से फांसी के फंदे पर झूलता पाया गया। मृतक बभनी गांव निवासी चतरगुण रजवार का पुत्र था। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ बभनी देवी मंदिर से करीब 500 गज पश्चिम स्थित घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हो सकता है और आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिये शव को पेड़ से लटकाया गया है। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुये पुलिस ने खोजी कुत्ते (डॉग स्क्वायड) को बुलाया। खोजी कुत्ता घटनास्थल से सूंघते हुये सीधे गांव के ही नागेश्वर रजवार के घर जा पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा भेजा गया था, जिसे प्रक्रिया के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और हिरासत में लिये गये लोगों से पूछताछ के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो सकेगी। मौके पर उपमुखिया रामप्रवेश सिंह, समाजसेवी विमलेश कुमार, ग्रामीण बसंत रजवार, लखन देव रजवार, योगेंद्र रजवार, शिवपूजन राम, रामकेश्वर यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### श्री बंशीधर नगर प्रखंड की कुशडंड पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप

# 40 हजार रुपये लेकर भी नहीं दी मनरेगा की योजना

नीलू चौबे




**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर प्रखंड में भ्रष्टाचार की जड़ बहुत गहरी एवं मोटी हो गई है। यहां बिलासपुर पंचायत में डोभा में डोभा, डोभा के बगल में डोभा का निर्माण कर सरकारी राशि का बंदरबाट किये जाने बाद कुशडंड पंचायत में मनरेगा की योजनाओं को दिलाने के एवज में अवैध वसूली किये जाने का मामला सामने आया है। यह आरोप किसी और पर नहीं बल्कि कुशडंड पंचायत के मुखिया पति व प्रतिनिधि राजकुमार राम पर लगा है। मुखिया प्रतिनिधि पर मनरेगा योजना के तहत टीसीबी का कोड कराने को लेकर 40 हजार रुपये नगद लेने का आरोप लगाया गया है। यह आरोप पंचायत की बीडीसी के पति जमील अंसारी ने लगाया है। इस संबंध में कुशडंड गांव की बीडीसी के पति व प्रतिनिधि जमील अंसारी ने नगर ऊंटारी थाने में आवदेन देकर मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं राशि वापस कराने की गुहार लगाई है। थाना में दिये गये शिकायत में जमील अंसारी ने लिखा है कि वे 2024-25 में पंचायतवासियों को मनरेगा योजना के तहत टीसीबी का लाभ दिलाने के लिये मुखिया से अनुरोध किये था, किन्तु मुखिया पति के द्वारा उक्त योजना का लाभ देने एवं कोड कराने को लेकर 40 हजार रुपये का डिमांड किया गया। उनके द्वारा लाभुकों को बिना पैसा के योजना का लाभ दिलाने के लिये कई बार अनुरोध किया गया, लेकिन वे नहीं माने। अंत में उन्होंने 40 टीसीबी के कोड कराने के लिये 40 हजार नगद दिया। लेकिन पैसा लेने के बाद भी राजकुमार राम के द्वारा योजना का लाभ आज तक नहीं दिया गया और न ही राशि वापस की गई। थक हार कर जमील अंसारी ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में पूछे जाने पर मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार राम ने कहा कि बीडीसी प्रतिनिधि के द्वारा लगाया गया आरोप पूरी तरह से निराधार है। उन्होंने कहा कि जमील ने मेरे खिलाफ थाना में आवेदन दिया है, मुझे जांच पर पूरा भरोसा है।



## अंधभक्त पर ईशा कोप्पिकर ने रखी राय, कंगना रनौत ने दी प्रतिक्रिया

अभिनेत्री इशा कोप्पिकर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर खुद को गर्वित 'अंधभक्त' बताया है। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि उनकी यह भक्ति किसी राजनीतिक दल या नेता के प्रति नहीं, बल्कि देश और उसकी तरक्की के प्रति है। इशा के इस बयान को अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत का भी समर्थन मिला। कंगना ने इशा की पोस्ट साझा करते हुए कहा कि वह भी इस तरह की देशभक्ति से खुद को जोड़कर देखती हैं। इशा ने अपने वीडियो में देश के प्रति प्रेम और राजनीतिक समर्थन के बीच अंतर समझाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि देश से प्यार करने का अर्थ यह नहीं है कि नागरिक अपने नेताओं से सवाल नहीं पूछ सकते। उनके मुताबिक, देश की प्रगति में योगदान देना हर नागरिक की जिम्मेदारी है और जरूरी मुद्दों पर सवाल उठाना भी इसी जिम्मेदारी का हिस्सा है। उन्होंने लोगों से राजनीति और नेताओं से ऊपर देश को रखने तथा देश को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। वहीं, कंगना रनौत ने इशा के विचारों का समर्थन करते हुए अपने सामाजिक और सार्वजनिक सक्रियता से जुड़े अनुभव भी साझा किए। उन्होंने 26/11 मुंबई हमलों के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों समेत विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अपनी आवाज उठाने का जिक्र किया। कंगना ने कहा कि उन्हें अपने देश और यहां के लोगों का 'भक्त' होने पर गर्व है। दोनों अभिनेत्रियों के बयानों में देशभक्ति को किसी राजनीतिक दल या नेता से जोड़ने के बजाय देश और उसके नागरिकों के प्रति समर्पण को प्राथमिकता देने की बात सामने आई।

## मुश्किल दौर को याद कर भावुक हुए राज कुंद्रा



**साल 2021** में अश्लील फिल्में बनाने और उनके प्रचार-प्रसार के आरोप में गिरफ्तार हुए बिजनेसमैन राज कुंद्रा ने ऑर्थर रोड जेल में बिताए अपने मुश्किल दिनों को याद किया है। करीब 67 दिनों तक हिरासत में रहे राज ने एक इंटरव्यू में जेल के हालात का जिक्र करते हुए बताया कि वहां जगह की इतनी कमी थी कि कैदियों को एक-दूसरे के ऊपर सोना पड़ता था और खाने की गुणवत्ता भी बेहद खराब थी। उन्होंने इस कठिन दौर में पत्नी और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के समर्थन को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। राज ने गिरफ्तारी के बाद सामने आई तलाक की अफवाहों का भी जिक्र किया और बताया कि इन खबरों ने उन्हें मानसिक रूप से बेहद परेशान कर दिया था। दिए इंटरव्यू में राज ने बताया कि जेल में रहते हुए उन्हें मीडिया के जरिए खबर मिली कि शिल्पा उनसे अलग होने और तलाक लेने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस खबर ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया था। राज ने बताया कि उस रात वह सो नहीं पाए और उन्हें जिंदगी खत्म करने जैसे ख्याल आने लगे थे। अगले दिन फोन पर शिल्पा से बातचीत हुई तो उन्होंने राज को भरोसा दिलाया कि ये सभी खबरें गलत हैं और वह उनके साथ हैं। राज के मुताबिक, शिल्पा ने उन्हें इस मुश्किल वक्त में मजबूत रहने के लिए कहा और भरोसा दिलाया कि उन्हें उन पर पूरा विश्वास है। राज ने यह भी बताया कि उनकी गिरफ्तारी का शिल्पा पर भी गहरा मानसिक और भावनात्मक असर पड़ा था। पति की गैरमौजूदगी में उन्हें घर के साथ-साथ दूसरी जिम्मेदारियां भी अकेले संभालनी पड़ीं। राज के जेल में होने के कारण कारोबार संभालना मुश्किल होने पर शिल्पा ने रातों-रात कंपनी बंद करने का फैसला लिया था। राज के अनुसार, शिल्पा ने मामले की कानूनी लड़ाई में भी पूरी ताकत झोंक दी और उनके लिए एक मजबूत कानूनी टीम तैयार की। आखिरकार 67 दिनों बाद राज जेल से बाहर आए। हालांकि, गिरफ्तारी के बाद से ही वह अपने ऊपर लगे आरोपों और किसी भी तरह की गलत गतिविधि में शामिल होने से इनकार करते रहे हैं।

## जापानी बिजनेस लीडर्स का यूपी पर भरोसा, आरएंडडी, स्किलिंग और मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने पर जोर




### परिजनों के चीख पुकार से गमगीन हुआ माहौल

# संजय बियार का शव पहुंचा गांव

बंशीधर न्यूज

**विशुनपुरा** : गरीबी, बेरोजगारी और प्रशासनिक अनदेखी किस कदर एक परिवार को तबाह कर सकती है, इसकी जीती-जागती और रोंगटे खड़े कर देने वाली तस्वीर थाना क्षेत्र के जतपुरा गांव में देखने को मिली है। घर की बदहाली दूर करने और दो वक्त की रोटी का इंतजाम करने के लिये 8-9 महीने पहले गुजरात गये जतपुरा गांव निवासी विजय बियार के लगभग 27 वर्षीय पुत्र संजय बियार की तबीयत खराब होने के कारण 17 अगस्त को गुजरात में असमय मौत हो गई।

### गांव पहुंचा युवक का शव, मातम

गुजरात से जैसे ही मृतक संजय बियार का शव जतपुरा गांव पहुंचा, पूरे गांव में कोहराम मच गया। शव के पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है और वहां मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गई। अपने इकलौते सहारा और जवान बेटे के बेजान शरीर को देखकर वृद्ध पिता विजय बियार की हालत और बिगड़ गई। शव देखने के लिये पूरे गांव के लोग इकट्ठा हो गये और पूरा गांव गहरे शोक और मातम में डूब गया।



### 15 साल पहले छूटा मां का आंचल, पिता ने अकेले पाला

लगभग 15 वर्ष पूर्व उसकी मां एक छोटे भाई को साथ लेकर परिवार छोड़ किसी दूसरे व्यक्ति के साथ चली गई थी। इसके बाद से पीड़ित पिता विजय बियार ने अकेले ही पाई-पाई जोड़कर और जैसे-तैसे मजदूरी कर अपने बेटे संजय का पालन-पोषण किया। विजय बियार के पास महज 2 से 3 डिसमिल जमीन है, जिस पर सिर छिपाने के लिये अपना एक पक्का मकान तक नहीं है। वे आज भी दूसरों के घरों में शरण लेकर और मांगकर अपना पेट भरने को मजबूर हैं।

### पेट की आग बुझाने के लिये पलायन और 17 अगस्त को दर्दनाक अंत

गांव में रोजगार का कोई साधन न होने और भुखमरी की नौबत आने पर संजय बियार 8-9 महीने पहले लेबर का काम करने गुजरात गया था। उसे उम्मीद थी कि प्रदेश में पसीना बहाकर वह अपने बूढ़े और बेघर पिता का सहारा बनेगा। लेकिन कुदरत और सिस्टम को कुछ और ही मंजूर था। गुजरात में अचानक तबीयत बिगड़ने और समुचित देखरेख के अभाव में 17 अगस्त को संजय ने दम तोड़ दिया।

### प्रशासनिक दावों की खुली पोल, कहां हैं सरकारी योजनाएं?


यह हृदयविदारक घटना राज्य में बेरोजगारी, मजदूर पलायन और धरातल पर दम तोड़ती सरकारी योजनाओं का जीता-जागता प्रमाण है। प्रधानमंत्री /अबुआ आवास योजना एवं राशन कार्ड से वंचित विजय बियार का अभी तक राशन कार्ड भी नहीं बना है। लगभग 8 वर्षों से राशन नहीं मिल रहा है, परिवार दूसरों के घर पर शरण लेकर रह रहा हो, उसे आज तक एक सरकारी छत नसीब नहीं हुई। विजय बियार किसी तरह दूसरे के घरों में रहता है उसको सरकार के द्वारा अभी तक आवास भी नहीं मिला है। यदि स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था होती, तो एक गरीब युवक को मजबूरी में पलायन नहीं करना पड़ता। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि सरांग पंकज सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता यशवन्त प्रजापति, बलराम पासवान, विकास कुमार रवि, लव कुमार रवि, उमेश बियार, नीरज बियार, बालदेव पासवान, सुनील बियार, अवधेश बियार, दीपू बियार, पंकज कुमार यादव के आलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कार व बाईक की हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत, एक गंभीर



**रमना** : श्री बंशीधर नगर–गढ़वा मुख्य मार्ग पर यहां बहियार पुल के समीप मंगलवार की देर रात कार एवं बाईक के बीच हुई भीषण सड़क दुर्घटना में बाईक सवार श्रीकेश सिंहकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव निवासी नंदू सिंह का पुत्र है। जानकारी के अनुसार सेंट्रल बैंक पाल्हे कला के शाखा प्रबंधक बैंक बंद होने के बाद अपनी कार से गढ़वा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही बाईक की कार से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाईक सवार श्रीकेश सिंह और उसके साथ मौजूद जितेंद्र चंद्रवंशी के पुत्र शनि चंद्रवंशी गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं मैनेजर को भी चोट लगी है। उधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन–फानन में दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने श्रीकेश सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि शनि चंद्रवंशी का इलाज जारी है। घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि पाल्हे कला सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक सत्येंद्र कुमार की कार से टक्कर होने के कारण दुर्घटना हुई। हालांकि दुर्घटना की वास्तविक परिस्थितियों और टक्कर के कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। इधर घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों, वाहनों की स्थिति और घटनाक्रम की जानकारी जुटाने में लगी है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में मातम का माहौल है।

## कांग्रेस कार्यसमिति ने छात्र आंदोलन, राम मंदिर चंदा चोरी और चीनी घुसपैठ को लेकर सरकार पर उठाए सवाल




**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने केंद्र सरकार से शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। पार्टी ने राम मंदिर चंदा चोरी के मामले को गांव स्तर तक उठाने का भी फैसला किया। बैठक में अरुणाचल प्रदेश में चीन की कथित घुसपैठ को लेकर सरकार से जवाब मांगा गया। सीडब्ल्यूसी ने लोकसभा की 543 सीटों को अगले 25 वर्षों तक स्थिर रखने और इसी संख्या के भीतर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग भी दोहराई। बुधवार को नई दिल्ली में करीब चार घंटे चली सीडब्ल्यूसी की बैठक में छात्र आंदोलन, पेपर लीक, अयोध्या में राम मंदिर से जुड़ा कथित चंदा घोटाला, चीन के साथ सीमा विवाद, परिसीमन, उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा स्थल के कथित ह्यशुद्धिकरणह्न और संगठन को मजबूत करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत 88 सदस्य, स्थायी एवं विशेष आमंत्रित सदस्य तथा चार कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने महासचिव जयराम रमेश और मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा के साथ संवाददाताओं को बताया कि सीडब्ल्यूसी ने देशभर में छात्रों के बीच बढ़ते असंतोष और बार–बार सामने आ रही प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर चिंता जताई। कांग्रेस ने मानसून सत्र के दौरान विपक्ष की भूमिका की भी सराहना की। वेणुगोपाल ने बताया कि राहुल गांधी के छात्र संपर्क कार्यक्रम छात्रों की गूंज को देश के 800 बड़े और छोटे शहरों में आयोजित किया जाएगा। राहुल गांधी इनमें से कई कार्यक्रमों में स्वयं शामिल होंगे। सीडब्ल्यूसी ने कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को छात्रों समेत सभी संबंधित पक्षों से बातचीत कर एक महीने के भीतर शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था में सुधार का खाका तैयार करने को कहा है। मुख्यमंत्रियों से शिक्षा व्यवस्था के पुनर्गठन के लिए ठोस योजना पेश करने को कहा गया है। अयोध्या के राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मामले को लेकर कांग्रेस ने देशव्यापी आंदोलन करने का फैसला किया है। वेणुगोपाल ने कहा कि यह मामला लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। सीडब्ल्यूसी ने प्रदेश कांग्रेस समितियों को इस मुद्दे को गांव स्तर तक ले जाने का निर्देश दिया है। कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश में चीन की कथित घुसपैठ पर भी गंभीर चिंता जताई। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार चीन के सामने स्थिति स्पष्ट करने में विफल रही है। उन्होंने 19 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान का उल्लेख किया, जिसमें चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर कब्जा किए जाने से इनकार किया गया था। परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने अपना पुराना रुख दोहराते हुए लोकसभा सीटों की संख्या अगले 25 वर्षों तक 543 पर स्थिर रखने की मांग की। पार्टी ने कहा कि इसी संख्या के भीतर महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वेणुगोपाल ने इस संबंध में तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव का भी उल्लेख किया।

### तुलसीदास ने रामकथा को अवधी भाषा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया : डॉ आलोक

# तुलसीदास जयंती पर रामचरितमानस के महत्व पर हुई चर्चा

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर** : रेहला स्थित संत तुलसीदास महाविद्यालय में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत गोस्वामी तुलसीदास एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य कृष्ण कुमार चौबे ने की। मुख्य अतिथि एके सिंह कॉलेज जपला के डॉ आलोक रंजन ने तुलसीदास के जीवन एवं रामचरितमानस में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुये कहा कि तुलसीदास महान संत और लोकनायक थे। उन्होंने रामकथा को अवधी भाषा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया।
विशिष्ट अतिथि डॉ विजयकांत शुक्ला ने कहा कि रामचरितमानस में शक्ति और ज्ञान का विराट स्वरूप देखने को मिलता है। वहीं डॉ अजय शुक्ला ने कहा कि रामचरितमानस ज्ञान का भंडार है। जिसे सभी को पढ़ना चाहिये। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ श्याम मिश्र ने तुलसीदास के जीवन एवं साहित्यिक योगदान की जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने अवधी के साथ ब्रजभाषा में भी कई महत्वपूर्ण रचनाएं की। कार्यक्रम का संचालन राकेश शुक्ला ने किया। छात्रा रेखा शर्मा ने रामचरितमानस के भजनों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। मौके पर रवींद्र चौबे, रंजन दुबे, डॉ सुनील यादव, डॉ कुमारी संगीता, संतोष शुक्ला समेत महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मी और दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।




प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)